कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.)

दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेलः–heggcseh@mp.gov.in

वेव-

%www.mpcolleges.nic.in/ggdcsehore/index.html

//शैक्षणिक भ्रमण वाणिज्य विभाग 04.02.2017//

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के वाणिज्य विभाग द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के सहयोग से शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण हेतु छात्राओं को मंडीदीप स्थित एल.एम बेकर्स प्राइवेट लिमिटेड पारले जी के औद्योगिक परिसर ले जाया गया। वाणिज्य विषय अर्न्तगत विद्यार्थियों को उत्पादन एवं निर्माण की सैद्धांतिक जानकारी दी जाती है अतः इस औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों को उत्पादन प्रक्रिया को सम्पन्न होते हुए देखने का एक अवसर प्राप्त हुआ। छात्राओं को पुस्तकीय ज्ञान के साथ–साथ व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त हो सके इस हेतु शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. जया शर्मा के मार्गदर्शन में इस भ्रमण हेतु वाणिज्य विभाग की 35 छात्राओं का एक दल बस द्वारा महाविद्यालय परिसर सीहोर से एल.एम बेकर्स प्राइवेट लिमिटेड पारले जी के मंडीदीप जिला रायसेन स्थित औद्योगिक परिसर हेतु प्रातः 9 बजे रवाना हुआ।

औद्योगिक परिसर पहुचने पर छात्राओं ने सम्पूर्ण परिसर का भ्रमण किया एवं पारले जी के बिस्किट निमार्ण की सम्पूर्ण उत्पादन प्रक्रिया को जाना। छात्राओं ने एल.एम बेकर्स के प्रबंध संचालक श्री मनीष लालवानी जी से भी मार्गदर्शन प्राप्त किया एवं उनके सहयोगियों ने छात्राओं को पारले जी बिस्किट के उत्पादन प्रारंभ करने से लेकर वर्तमान तक उनकी व्यापारिक रणनीतियों के बारे में भी जानकारी दी। संबंधित संस्थान द्वारा एक इन्टरएक्टिव सेशन का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं द्वारा पूछी गई जानकारीया प्रबंधन द्वारा दी गई।

उत्पादन में लगने वाली विभिन्न प्रकार की मशीनों के चयन एवं उनसे कार्य लेने हेतु आवश्यक प्रशिक्षण के बारे भी छात्राओं को जानकारी प्राप्त हुई।

इस शैक्षणिक भ्रमण से छात्राओं ने अपने पाठ्यक्रम को व्यवहारिक रूप में समझकर जानकारी प्राप्त की। इन छात्राओं के लिए यह शैक्षणिक भ्रमण पाठ्यक्रम के दृष्टिकोण से ज्ञानवर्द्धक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ।